# जब कोई नहीं आता मेरे दादा आते हैं

जब कोई नहीं आता मेरे दादा आते हैं  (२)

मेरे दुःखके दिनोंमें वो बड़े काम आते हैं  (२)

जब कोई नहीं आता मेरे दादा आते हैं  (२)

मेरे दुःखके दिनोंमें वो बड़े काम आते हैं  (२)

मेरी नैया चलती है, पतवार नहीं चलती

किसी औरकी अब मुझको, दरकार नहीं होती

मै डरता नहीं जग से, जब  दादा  साथमें  हैं  (२)

मेरे दुःखके दिनोंमें वो बड़े काम आते हैं  (२)

जो याद करे उनको दुःख हल्का हो जाए

जो भक्ति करे उनकी वे उनके हो जाए

ये बिन बोले कुछ  भी पहचान जाते हैं   (२)

मेरे दुःखके दिनोंमें वो बड़े काम आते हैं  (२)

ये इतने बड़े होकर, दीनोंसे प्यार करे

अपने भक्तोके  दुःखको  प्रभु  पलमें  दूर  करे

सब भक्तो का कहना, प्रभु मान जाते हैं  (२)

मेरे दुःखके दिनोंमें वो बड़े काम आते हैं  (२)

मेरे  मनके  मंदिरमें  दादाका  वास रहे

कोई पास रहे ना रहे, दादा मेरे पास रहे

मेरे व्याकुल मन को, ये जान जाते हैं  (२)

मेरे दुःखके दिनोंमें वो बड़े काम आते हैं  (२)

जब कोई नहीं आता मेरे दादा आते हैं  (२)

मेरे दुःखके दिनोंमें वो बड़े काम आते हैं  (२)

जब कोई नहीं आता मेरे दादा आते हैं

मेरे दुःखके दिनोंमें वो बड़े काम आते हैं

February 26, 2016 - https://www.youtube.com/watch?v=HfxcP8-Z2kY